## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत BSW-MSW विद्यार्थियों द्वारा रंगोली चित्रकला का आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।** म प्र.जन अभियान परिषद सिवनी मालवा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत ष्टस्ष्टरूस्ष्टक्कविद्यार्थियों द्वारा रंगोली चित्रकला का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल संचयन और जल संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की।



छात्रों ने रंगोली और चित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को जल बचाने का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। संभाग समन्वयक श्री कोशलेश तिवारी सर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, और इस तरह की कार्यक्रम मे लोगो की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव जगाती हैं। विद्यार्थियों की कला समाज को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि व्यवहार में जल संरक्षण को अपनाना है। और अपने अपने प्रयोग शाला ग्राम में जल संरक्षण को लेकर घर घर ये संदेश पहुँचना है जल को बचाना है, दीवार लेखन,करने पर छात्रों को जानकारी दी।



## अखिल भारतीय कायस्थ समाज का शंखनाद हर रविवार श्रमदान और सेवा का महासंकल्प

### चित्रगुप्त घाट सहित अन्य घाटों पर पहुंचकर करते हैं साफ सफाई

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**



मां नर्मदा के पावन तटों को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा एक अनुकरणीय पहल की जा रही है। समाज की इस शक्ति द्वारा प्रत्येक रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।अभियान के दौरान नर्मदा सेवकों ने नर्मदा तट और जल के किनारे से फूल-मालाएं, पुरानी पूजन सामग्री और अन्य अपशिष्ट निकालकर उन्हें डस्टबिन (कूड़ेदान) में डाला। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, अध्यक्ष ज्योति वर्मा, समाजसेवी सुमन वर्मा, सीबी खरे, केशव वर्मा, विजय वर्मा, अशोक वर्मा, प्रीति खरे, लालता प्रसाद, मनोज वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, रश्मि सक्सेना मौजूद थे। इस अवसर पर प्रखर समाजसेवी विजय वर्मा ने कहा, ÷समाज का यह अभियान हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। मां नर्मदा हम सबकी जीवनदायिनी हैं और यह हमारा परम कर्तव्य है कि हम अपने प्रसिद्ध सेठानी घाट और चित्रगुप्त घाट की सुंदरता को अक्षुण्ण रखें। उन्होंने श्रद्धालुओं से करबद्ध प्रार्थना की कि वे पूजन सामग्री को जल में विसर्जित न कर घाट पर रखे डस्टबिन का ही उपयोग करें। अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि मां नर्मदा हमारी पालनहार हैं और उनके दर्शन मात्र से ही सारे कार्य सिद्ध होते हैं। हम सभी को इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को हम स्वच्छ और अविरल नर्मदा सौंप सकें। स्वच्छता के इस पुनीत कार्य में सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों का सफर पुनरावलोकन व आत्मावलोकन

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्षों के इतिहास पर चर्चा करने और भविष्य की चुनौतियों का आत्म-मंथन करने के उद्देश्य से आज शगुन मैरिज गार्डन में एक गरिमामयी कार्यक्रम हुआ। ÷हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पुनरावलोकन एवं आत्मावलोकन÷ विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर निदेशक, माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल उपस्थित रहे। शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कर, पत्रकारिता के पुरोधा श्री गणेश शंकर विद्यार्थी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, भाजपा नेता महंत प्रीतम पुरी गोस्वामी, इंजी सुनील कोठारी, कांग्रेस नेता डॉ संजीव चांदोरकर, अधिवक्ता संघ के सचिव सुलभ जैन, साहित्यकार अजय तुलसी, एड प्रवीण शर्मा,संजय जैन भी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन के सूत्रधार सुशान्त पुरोहित ने किया। पत्रकार संवाद केन्द्र के बैनर तले हुए कार्यक्रम के दौरान श्री श्रीधर ने पत्रकारिता के उद्भव से लेकर वर्तमान स्वरूप तक के सफर को बड़ी बारीकी से उपस्थितजनों के समक्ष साझा किया। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारिता के पुरखों को आदरांजलि देते हुए उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने ने कहा कि जो बात छुपाई जाए, उसे बताया जाए वह पत्रकारिता है और जो बात सच न होते हुए भी बताया जाए वह प्रचार है।



### पत्रकारिता पेशा नहीं राष्ट्र निर्माण का माध्यम

पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम और सामाजिक चेतना का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि 1826 में उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन के साथ शुरू हुआ। यह सफर आज डिजिटल युग तक पहुँच चुका है। उन्होंने वर्तमान दौर में पत्रकारिता के गिरते मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज पत्रकारों को स्वयं के भीतर आत्मावलोकन की आवश्यकता है ताकि विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा स्व. माधवराव सप्रे के योगदान को याद करते हुए बताया कि कैसे सीमित संसाधनों में भी भाषाई मर्यादा और राष्ट्रीयहितों को सर्वोपरि रखा गया। आज हिंदी समाचारों में अंग्रेजी के शब्दों का चलन बढ़ा है जो हिंदी के लिये खतरा है। श्रीधर जी ने इस मौके पर अपनी जन्मस्थली बोहानी को प्रणाम किया और कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूँ अपनी मातृभूमि और गुरुजनों, माता-पिता की बदौलत हूँ। आप जहाँ भी रहें विन्रम बने रहें, प्रतिद्वंदता न रखें, किसी से ईर्ष्या भाव न रखें, इंसानियत को सर्वोपरि रखें। हम बच्चों को भी अच्छे गुण सिखाएं उन्हें रोबोट न बनाएं, बच्चे सभी भाषाओं का ज्ञान लें पर अपनी मातृभाषा को विस्मृत न करें, हम जब एक साथ हों तो अपनी स्थानीय भाषा में बात करें और यही हमारी पहचान है।

### कार्यक्रम की मुख्य बातें

इस संगोष्ठी में शहर के गणमान्य नागरिकों और पत्रकार जगत की हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान श्रीधर जी ने भारत में पत्रकारिता के ऐतिहासिक संदर्भ में प्रेस की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष की गाथा, हिंदी के स्वरूप और समाचार पत्रों में उसकी शुद्धता बनाए रखने की चुनौती व सोशल मीडिया और फेक न्यूज के दौर में मुख्यधारा की पत्रकारिता की जिम्मेदारी सहित, सामाजिक सरोकार पत्रकारिता का समाज के प्रति दायित्व और वंचितोंच की आवाज बनना जैसे विषयों पर अपनी बात रखी।

### बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों की सहभागिता

संगोष्ठी में उपस्थित बुद्धिजीवियों ने श्री श्रीधर से इतिहास और शोध पर आधारित कई जानकारियां भी दीं। समाजसेवियों ने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी निष्पक्षता को हर हाल में सुरक्षित रखना चाहिए। स्थानीय पत्रकारों के लिए यह सत्र काफी ज्ञानवर्धक रहा, जहाँ उन्हें समाचार पत्र उनके संग्रह के महत्व और पुराने दस्तावेजों के संरक्षण की बारीकियों को समझने का अवसर मिला। पत्रकारिता में तकनीक बदल सकती है, माध्यम बदल सकते हैं, लेकिन पत्रकारिता की आत्मा सत्य कभी नहीं बदलनी चाहिए।
-विजय दत्त श्रीधर जी

### भारतीय पत्रकारिता और साहित्य के दो स्तंभ

पंडित माखनलाल चतुर्वेदी और माधवराव सप्रे भारतीय पत्रकारिता और साहित्य के वे दो स्तंभ हैं, जिन्होंने न केवल हिंदी भाषा को समृद्ध किया, बल्कि अपनी लेखनी को स्वतंत्रता संग्राम का अस्त्र बनाया। इन दोनों विभूतियों का संबंध गुरु-शिष्य जैसा था और दोनों ने मध्य प्रदेश की धरती से राष्ट्रीय चेतना को स्वर दिया। सप्रे जी ने उस समय हिंदी का झंडा बुलंद किया जब संसाधनों का घोर अभाव था। सन 1900 में उन्होंने छत्तीसगढ़ मित्र नामक पत्रिका निकालकर हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी। उन्होंने मराठी भाषी होते हुए भी हिंदी की सेवा की और विदेशी शब्दों के स्थान पर सटीक हिंदी शब्दावली के प्रयोग पर बल दिया। सप्रे जी ने लोकमान्य तिलक के गीता रहस्य का हिंदी अनुवाद किया, जिससे हिंदी भाषी क्षेत्रों में क्रांतिकारी विचारों का प्रसार हुआ।

## श्रीजी मेला मैदान भूमि से अतिक्रमण हटाने की तैयारी हुई तेज सोमवार को होगा सीमांकन



**यशवंत मेवाडे**
**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**

नगर की ऐतिहासिक मेला भूमि को बचाने के लिए सकल हिंदू समाज के लोगों ने 24 मार्च मंगलवार को खिलचीपुर नगर स्वेच्छा से बंद कर सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज ने राजगढ़ कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंच आक्रोश व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। जिस पर कलेक्टर ने कहा खिलचीपुर की 7 से 8 तरमीम निरस्त करने के लिए जांच दल बना दिया हे ,यह पर हुए सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे और मेला भूमि के सीमांकन के लिए आदेश जारी कर टीम बनाने का कार्य कर दिये है। जिस पर श्रीजी मेला मैदान और आसपास की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की तैयारी तेज हो गई है। तहसील प्रशासन ने जमीन पर अतिक्रमण करने वाले करीब 10 लोगों को नोटिस जारी किए हैं। तहसीलदार कार्यालय की ओर से मुबारिक पिता चांद खा, अब्दुल हमीद पिता सिकंदर खा, भंवरलाल पिता गंगाराम दांगी, मनीष पिता बाबूलाल गुप्ता, पुरुषोत्तम पिता कैलाशचंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पिता किशनलाल गुप्ता, विष्णु पिता शंकरलाल दांगी, कैलाशचंद पिता जगन्नाथ कुम्हार, कलावती पति सिद्धूलाल लौहार और सुगनबाई नट को ये नोटिस जारी किए गए हैं।प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को श्रीजी मेला जमीन और आसपास की शासकीय भूमि का सीमांकन किया जाएगा। इस संबंध में एसएलआर भू-अभिलेख अधीक्षक ने चार राजस्व निरीक्षक, संबंधित हल्का पटवारी और पुलिस बल की मौजूदगी में सीमांकन कराने के आदेश जारी किए हैं। प्रशासन का कहना है कि सीमांकन के बाद जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। यदि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नोटिस प्राप्त लोगों से भी समय रहते स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया है।

## मंत्री उदय प्रताप सिंह ने निशुल्क कोचिंग पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद कर बढ़ाया उत्साह, विद्यार्थियों को सफलता के लिए दिए मंत्र

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**



प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने रविवार को शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर पहुंचकर निःशुल्क जेईई एवं नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास और अनुशासन का संदेश दिया। मंत्री श्री सिंह ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में चर्चा की। उन्होंने आईपीएस, आईएएस, इंजीनियर और डॉक्टर बनने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि आपसी चर्चा और सीखने की प्रवृत्ति से ज्ञान में वृद्धि होती है। विद्यार्थियों ने भी बताया कि आपसी संवाद से पढ़ाई में उन्हें लाभ मिलता है। उन्होंने निःशुल्क कोचिंग में उपलब्ध सुविधाओं और पूर्व में स्कूल में पढ़ाई एवं विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं के अनुभव के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है और किसी प्रकार की कमी महसूस नहीं हुई। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि ऑनलाइन कक्षाओं की शुरुआत से विद्यार्थियों को और अधिक लाभ मिलेगा तथा वे आधुनिक संसाधनों के माध्यम से बेहतर तैयारी कर सकेंगे। कैरियर काउंसलिंग के विषय में जानकारी लेते हुए मंत्री श्री सिंह को विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें राज्य शासन द्वारा कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से विद्यालय स्तर पर इंजीनियरिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों और संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। मध्यप्रदेश के प्रत्येक हायर सेकेंडरी स्कूलों की कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड के लिए तैयारी कर रहे हैं। प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के कैरियर को लेकर हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में ऑनलाइन, बोकेशनल, मोटिवेशनल, कैरियर काउंसलिंग आदि के माध्यम से मदद मिली है। बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री सिंह ने निःशुल्क कोचिंग भ्रमण के दौरान जेईई व नीट कोचिंग में मिल रही शैक्षणिक सुविधाओं व गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कोचिंग विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप बड़े लक्ष्य तय करते हैं, तो उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और फोकस जरूरी है। दृढ़ संकल्प और लगातार प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## गाजनपुर संस्कार केन्द्र में बच्चों को दिए जीवन मूल्य और अनुशासन के पाठ



**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

ग्राम गाजनपुर में संचालित संस्कार केन्द्र में दिनांक 28 मार्च 2026 को एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों, अनुशासन और एकाग्रता के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर के अध्यक्ष सुनील सिंगोरिया ने कहानी के माध्यम से बच्चों को एकाग्र चित्त होकर कार्य करने की कला को सरल भाषा में समझाया। वहीं समिति के सचिव नर्मदा प्रसाद यदुवंशी ने बच्चों को अच्छे संस्कारों और व्यवहारिक ज्ञान से परिचित कराया, जिससे वे भविष्य में सही निर्णय लेने और शांतिपूर्ण जीवन जीने में सक्षम बन सकें। इस अवसर पर परामर्शदाता सेवनदास लौवंशी ने बच्चों को जीवन में ध्यान, योग और अनुशासन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी और उन्हें नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। संस्कार केन्द्र में उपस्थित बच्चों ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व विकास के लिए प्रयासरत रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें नैतिक मूल्यों से जोड़ना रहा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा।

## महावीर जयंती पर आज रहेगा सार्वजनिक अवकाश, 31 मार्च को खुले रहेंगे कार्यालय

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।** 29 मार्च 2026 को मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में तथा स्थानीय परिस्थितियों एवं जनभावनाओं को



दृष्टिगत रखते हुए जिला नर्मदापुरम में पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2026 हेतु घोषित अवकाश सूची में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 30 मार्च 2026 (सोमवार) को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि दिनांक 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुली रहेंगी।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय जी व श्रद्धेय ठाकरे जी के जीवन से सीखें कार्यकर्ता, प्रधानमंत्री जी दुनिया से समन्वय बनाकर भारत के हितों की रक्षा कर रहे

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने प्रशिक्षण वर्ग को किया संबोधित

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत नर्मदापुरम के रामानंद गार्डन में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बदलते समय के साथ कार्य पद्धति में बदलाव किया है, लेकिन अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं कुशभाऊ ठाकरे के जीवन से प्रेरणा लेकर संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के साथ समन्वय बनाकर भारत के हितों की रक्षा कर रहे हैं, जिससे हमें राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

प्रशिक्षण वर्ग में आठ सत्र, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ वंदे मातरम् गीत से हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने केंद्र सरकार की योजनाओं, जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कार्यपद्धति, पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल ने संगठन विस्तार एवं प्रदेश मंत्री राजो मालवीय ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस के षष्टम सत्र में सोशल मीडिया एआई नमो एप और सरल एप विषय पर जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना ने संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता जिला मीडिया प्रभारी अमित महाला ने की। सप्तम सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत ने संबोधित किया। अष्टम सत्र को पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष पारीक ने प्रदेश सरकार की उपलब्धि विषय पर संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष नीतू यादव ने की। सत्र का समापन जन गण मन गीत के साथ किया गया। वर्ग का संचालन विशाल दीवान एवं आभार प्रशांत पालीवाल द्वारा किया गया। इस दौरान सत्र में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा, संभागीय प्रभारी भरतसिंह राजपूत, जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना एवं ज्योति चौरे, अखिलेश खंडेलवाल, मनोहर बडानी, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक महालहा एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।